किया. अभिभावकों ने बतलाया कि जो बच्चे पढ़ाई से दूर हो रहे थे अब उनमें उत्साह आया है और पढ़ाई कर रहे हैं, होमवर्क बना रहे हैं.

प्रदान संस्था ने खाद्य सामग्री का वितरण किया

खाद्यान्न सामाग्री देते संस्था के चंद्रशेखर

कुड़ू, लोहरदगा. वित्तीय सहायता योजना के तहत प्रदान स्वयं सेवी संस्था द्वारा कुड़ू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में असहायों, रोज कमाने खाने वाले दिहाड़ी मजदूरों, निशक्तों तथा विधवाओं के बीच खाद्यान्न सामग्री का वितरण योजना का शुभारंभ किया गया. संस्था द्वारा कुड़ू प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मे ग्रामीणो , महिलाओं के बीच खाद्यान्न कीट का वितरण किया जायेगा. इस योजना का शुभारंभ कुड़ू प्रखंड के बड़की चांपी से किया गया. बड़की चांपी पंचायत में आयोजित वितरण कार्यक्रम में पहुंचे प्रदान संस्था के प्रोजेक्ट एजुक्यूटिव चंद्रशेखर ने कहा कि लॉक डाउन से उत्पन्न हालात के बाद प्रखंड में किसी को भूखे नहीं सोने दिया जायेगा. संस्था पिछले 20 सालों से कुड़ू में समाजिक कार्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर रही है. प्रखंड के सभी पंचायतों में एक हजार असहायों का चयन किया गया है. गुरुवार को प्रखंड के सलगी पंचायत के खम्हार, धौरा , असनापानी , चूल्हापानी, जवरा समेत अन्य गांवों के 56 तथा बड़की चांपी पंचायत के दुबांग, कुंदगढ़ा समेत अन्य गांवों के 24 असहायों के बीच खाद्यान्न कीट का वितरण किया गया. बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कहा कि संस्था द्वारा बेहतर प्रयास किया गया है. प्रदान संस्था के चंद्रशेखर ने बताया कि खाद्यान्न कीट में बीस किलोग्राम चावल , दाल , नमक से लेकर रोजमर्रा की सामग्री शामिल हैं.

प्रभात खबर
Fri, 10 April 2020
https://epaper.prabhatkhabar.com/c/507